# गहलोत के वरिष्ठ पर्यवेक्षक रहते गुजरात में कांग्रेस की अब तक की सबसे करारी शिकस्त

## वहीं हिमाचल में प्रियंका गांधी के साथ सचिन पायलट की मौजूदगी में कांग्रेस को मिला बहुमत

**जयपुर**, (का.प्र.)। गुजरात और हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव को लेकर राजस्थान के तीन नेताओं पर सबकी नजर थी, कि वह किस रणनीति के तहत अपने प्रभार वाले राज्यों में पार्टी को जीत दिलाते हैं। गुजरात में विधानसभा चुनाव के लिए वरिष्ठ पर्यवेक्षक बनाए गए राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और गुजरात के प्रभारी डॉ.रघु शर्मा के लिए गुजरात के नतीजे बेहद निराशाजनक रहे और पिछली बार जीती सीटों के मुकाबले इस बार कांग्रेस को 60 सीटों का भारी नुकसान झेलना पड़ा है। इतना ही नहीं इस बार गुजरात में कांग्रेस का प्रदर्शन इतिहास का सबसे खराब प्रदर्शन रहा है। जहां पार्टी सिर्फ 17 सीटें जीत पाई है।

दूसरी ओर हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ पर्यवेक्षक बनाए गए सचिन पायलट के लिए हिमाचल प्रदेश की जीत काफी फायदेमंद साबित होने वाली है। हिमाचल प्रदेश में सचिन पायलट ने प्रियंका गांधी के साथ में ताबड़तोड़ दौरे किए और कई चुनावी रैलियां करके कांग्रेस के पक्ष में माहौल खड़ा किया। अब जब हिमाचल प्रदेश में 40 सीटें जीतकर कांग्रेस ने बहुमत के आंकड़े से कहीं ज्यादा सीटें हासिल की है, तो निश्चित तौर पर इस जीत का असर सचिन पायलट के राजनीतिक कद पर भी पड़ने वाला है।

2017 में गुजरात विधानसभा चुनाव में जब अशोक गहलोत के प्रभार में कांग्रेस ने 77 सीटें जीती थी तो उनकी बहुत वाहवाही हुई थी। इस बार उनके वरिष्ठ पर्यवेक्षक रहते तथा उनके ही नजदीकी डॉ. रघु शर्मा के गुजरात का प्रभारी रहते कांग्रेस का प्रदर्शन बेहद ही निराशाजनक रहा है। इस चुनाव में

- **गुजरात की करारी शिकस्त के बाद गहलोत खेमे ने साधी चुप्पी तो हिमाचल की जीत पर पायलट खेमा गदगद**

कांग्रेस ने अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन करते हुए पिछली बार के मुकाबले ना सिर्फ 60 सीटों का नुकसान झेला है बल्कि अब तक की सबसे कम यानी कि सिर्फ 17 सीटें ही जीती है। ऐसे में वरिष्ठ पर्यवेक्षक के तौर पर गुजरात गए राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और प्रभारी डॉ रघु शर्मा पर सवाल उठना लाजमी है। हालांकि रघु शर्मा ने हार की जिम्मेदारी लेते हुए परिणाम आते ही प्रभारी पद से अपना इस्तीफा पार्टी अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे को भेज दिया है। दूसरी ओर अशोक गहलोत गुजरात की हार के बाद अभी तक किसी भी प्रतिक्रिया से बच रहे हैं। बताया जा रहा है कि गुजरात में कांग्रेस की हार में उस बयान का भी बहुत बड़ा योगदान रहा है, जो मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुजरात में प्रचार करके आने के बाद में एक टीवी चैनल को देते हुए सचिन पायलट को गद्दार बताया था। यह बयान उस समय प्रसारित हुआ था, जब गुजरात में चुनाव प्रचार चरम पर था। कहते हैं कि इस बयान का गुजरात के जनमानस पर असर हुआ है।

इधर हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में पर्यवेक्षक बनाए जाने के बाद में सचिन पायलट ने कई दौरे किए और वहां प्रियंका गांधी प्रचार में जुटी थी तो सचिन पायलट भी लगातार दौरे करके कई सभाओं को संबोधित कर रहे थे। सचिन पायलट की सभाओं में लगातार उमड़ रही भीड़ में भी हिमाचल प्रदेश की फिजा बदलने में भूमिका निभाई अब जब हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस 40 सीटें जीत चुकी है और पार्टी का मुख्यमंत्री बनना तय है तो जहां प्रियंका गांधी को सफलता का श्रेय दिया जा रहा है। वहीं सचिन पायलट के चुनाव प्रचार और उनके प्रभाव को भी आलाकमान सहित पार्टी का कार्यकर्ता सराह रहा है। यही कारण है कि गुजरात विधानसभा में कांग्रेस की अब तक की सबसे करारी हार के बाद मुख्यमंत्री अशोक गहलोत समर्थक नेताओं और कार्यकर्ताओं में निराशा का माहौल नजर आ रहा है। वहीं हिमाचल प्रदेश की जीत के बाद में सचिन पायलट समर्थकों का जोश और ज्यादा बढ़ गया है। निश्चित तौर पर इस जीत को सचिन पायलट समर्थक खेमा भुनाना चाहेगा।

# इस वर्ष 2.75 लाख करोड़ की ऋण संभावना जताई नाबार्ड ने



नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक बैज्जू कुरप, सहकारिता प्रमुख सचिव श्रेया गुहा, आरबीआई के क्षेत्रीय निदेशक रोहित पी. दास, आईएएस रोहित गुप्ता एवं एसएलबीसी संयोजक कमलेश कुमार चौधरी ने गुरूवार को स्टेट क्रेडिट सेमिनार में ''नाबार्ड स्टेट फोकस पेपर'' का विमोचन किया।

**जयपुर**। राजस्थान में एकीकृत और सतत ग्रामीण समृद्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने वित्त वर्ष 2023-24 में राज्य के लिए 2,75,000 करोड रुपये के प्राथमिकता क्षेत्र ऋण संभाव्यता का अनुमान लगाया है। ऋण की संभावित राशि पिछले वर्ष की तुलना में 9.6 प्रतिशत अधिक है।

नाबार्ड द्वारा आयोजित स्टेट क्रेडिट सेमिनार के दौरान वित्त वर्ष 2023-24 के लिए तैयार किए गए स्टेट फोकस पेपर (एसएफपी) का विमोचन किया गया जो राजस्थान राज्य में भौतिक और वित्तीय, दोनों संदर्भों में, दोहन योग्य जिलावार यथार्थवादी संभाव्यता का समेकित लेखाजोखा भी है। राजस्थान सरकार की प्रमुख सचिव (सहकारिता) श्रेया गुहा (आईएएस) और क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक, रोहित पी दास द्वारा नाबार्ड स्टेट फोकस पेपर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर रोहित गुप्ता (आईएएस), सचिव वित्त (बजट) एवं एसएलबीसी संयोजक कमलेश कुमार चौधरी भी उपस्थित थे। नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक, बैज्जू कुरप ने बताया कि आज के सेमीनार में विभिन्न क्षेत्रों में नाबार्ड, वित्तीय संस्थानों, राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए नीतिगत सहयोगों और कार्यक्रमों का संज्ञान लेने के अलावा आधार स्तर पर ऋण की मांग पर विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने आगे कहा कि कृषि बुनियादी ढांचे में निवेश में वृद्धि, कृषि उपज के समूहीकरण, मूल्य संवर्धन और किसानों को किसान उत्पादक संगठनों में संगठित करके उत्पादकता बढाने में आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए विशेषज्ञों ने अपने विचार व्यक्त किए।

# 'बीकानेर में 500 से 700 मीटर गहराई पर मिले पोटाश के भण्डार'

**जयपुर**, (का.सं.)। अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस, पेट्रोलियम एवं पीएचईडी डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया है कि राज्य में मात्र 500 से 700 मीटर गहराई पर ही पोटाश के विपुल भण्डार के संकेत मिले हैं जबकि दुनिया के पोटाश भण्डार वाले देशों में पोटाश की उपलब्धता एक हजार मीटर या इससे भी अधिक गहराई में देखने को मिलती है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के बीकानेर और हनुमानगढ़ में सिल्वाइट और पॉलिहाइलाइट पोटाश की संकेत मिलने से कन्वेसनल माइनिंग व सोल्यूशन माइनिंग तकनीक से पोटाश का खनन किया जा सकेगा।

एसीएस माइंस डॉ. सुबोध अग्रवाल से गुरुवार को सचिवालय में भारत सरकार के उपक्रम मिनरल एक्सप्लोरेशन कंसलटेंसी लि. के सीएमडी घनश्याम शर्मा ने मुलाकात की और पोटाश की खोज व खनन की संभावनाओं को लेकर रिपोर्ट प्रस्तुत की। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि बीकानेर के लखासर के 99.99 वर्गमीटर क्षेत्र में 26 बोर किए गए हैं जिसमें से एमईसीएल द्वारा 22 बोर किए गए हैं व जियोलोजिकल सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा 4 बोर किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इसमें दोनों ही तरह के यानी कि सिल्वाइट व पॉलिहाइलाइट पोटाश के संकेत मिले हैं। इसके साथ ही हनुमानगढ़ के सतीपुरा में जीएसआई द्वारा 300 वर्गमीटर क्षेत्र में किए गए एक्सप्लोरेशन में पोटाश के संकेत मिल चुके हैं। उन्होंने बताया कि दोनों ही स्थानों पर जी 4 व जी 3 स्तर को एक्सप्लोरेशन हो चुका है। ऐसे में सतीपुरा में सीधे माइनिंग कार्य के लिए सीएल / एमएल ऑक्शन की कार्यवाही की जा सकती है। वहीं लखासर में अभी पहले चरण में 8 और बोर के माध्यम से एक्सप्लोरेशन की आवश्यकता के साथ ही यहां भी प्लॉट तैयार कराकर कंपोजिट लाइसेंस की कार्यवाही आरंभ की जा सकती है।

# पटवारी भर्ती-2020 में वेटिंग लिस्ट से नियुक्ति देने पर रोक

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने पटवारी भर्ती- 2020 की वेटिंग लिस्ट से नियुक्ति देने पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड से पूछा है कि उन्होंने भर्ती में नॉर्मलाइजेशन की प्रक्रिया किस तरह अपनाई गई। जस्टिस महेन्द्र गोयल ने यह आदेश रितेश कुमार व अन्य की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता विज्ञान शाह और अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि पटवारी भर्ती-2020 की प्रथम पारी का पेपर देने वाले सबसे ज्यादा 36 फीसदी अभ्यर्थी चयनित हुए थे और चौथी पारी में पेपर देने वालों में से केवल 11 फीसदी अभ्यर्थियों का ही चयन हुआ है। ऐसे में चयन बोर्ड ने भर्ती में नॉर्मलाइजेशन की प्रक्रिया सही तरीके से नहीं अपनाई है। ऐसा संभव नहीं हो सकता कि भर्ती में एक ही पारी वालों का सबसे ज्यादा चयन हुआ हो।

बोर्ड अब वेटिंग लिस्ट के खाली पदों पर भी नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर रहा है। ऐसे में नियुक्ति प्रक्रिया पूरी होने पर याचिकाकर्ताओं के हित भी प्रभावित होंगे और वे नियुक्ति से वंचित रह जाएंगे। इसलिए याचिकाओं के निस्तारण तक वेटिंग लिस्ट से भर्ती में कोई भी नियुक्तियां नहीं दी जाए। वहीं चयन बोर्ड का कहना था कि उन्होंने नॉर्मलाइजेशन की प्रक्रिया सही तरीके से की है।

# यातायात पुलिस को मिलेंगे 25 नए इन्टरसेप्टर वाहन

**जयपुर** । यातायात पुलिस के लिये उपलब्ध कराई जा रही इंटरसेप्टर वाहनों का अवलोकन गुरूवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने किया।

- **डिजिटल जीपीएस, वाईफाई और इंटरनेट तकनीक से लैस यह इंटरसेप्टर एक कि.मी. दूर से ही वाहनों की गति माप लेंगी**

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक वी. के. सिंह ने बताया कि यह 25 इंटरसेप्टर आधुनिक 2022 डिजिटल जीपीएस, वाईफाई, इंटरनेट तकनीक से लैस है। इसमें उच्च गुणवत्ता एचडी कैमरा सहित, 1 किलोमीटर दूरी से वाहनों की गति मापने की क्षमता का स्पीड लेजर गन उपलब्ध है। दिन में 250 मीटर और रात में 100 मीटर से अधिक ओवरस्पीडिंग वाहनों का स्वचालित नंबर प्लेट पहचान सहित, चित्र-वीडियो लेकर एनआईसी-आईटीएमएस ऑनलाइन ई-चालान जारी करने में सक्षम है। इसमेलेजर ट्रैक गति कैमरा के अतिरिक्त, 360 डिग्री का कैमरा रिकॉर्डर, ब्रेथ अल्कोहल एनलाइजर, टिंट मीटर, एलईडी साइनेज, एलईडी लाइट बार और उच्च क्षमता का सायरन और पीए सिस्टम उपलब्ध है। वाहनों पर यह सिस्टम तैयार किया है। यह इंटरसेप्टर कुछ ही दिनों में ट्रेनिंग के पश्चात सभी जिलों में उतारी जाएंगे।

# कांग्रेस उपचुनाव जीतने से खुश हो सकती है, लेकिन 2023 में भाजपा बहुमत के साथ काबिज होगी : डॉ. पूनियां

**जयपुर**। सरदारशहर उपचुनाव नतीजों पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने वक्तव्य जारी कर कहा कि, सरदारशहर में परिणाम हमारी अपेक्षा के अनुरूप नहीं आए और इस सीट का इतिहास भी कुछ ऐसा रहा है कि 16वां चुनाव था, एक बार यहां भाजपा को जीत मिली है। यहां कार्यकर्ताओं ने परिश्रम किया, नेताओं ने समय नियोजित किया, लेकिन एक सहानुभूति वहां के लोगों के मन मस्तिष्क में थी, इसलिए परिणाम हमारे विपरीत रहे। सरदारशहर की जनता को भाजपा को दिए गए समर्थन के लिए, उनकी शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद ज्ञापित करता हूं और कार्यकर्ताओं को उनके परिश्रम के लिए आभार व्यक्त करता हूं। यह उपचुनाव कांग्रेस जीतने से खुशफहमी में हो सकती है, लेकिन 2023 के ना मुद्दे बदले हैं, ना दिशा बदली है, 2023 में यह सीट भी और

- **'अपराध, किसान कर्जमाफी, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से लेकर जो बुनियादी विकास के मुद्दे हैं, वह आगे 2023 के चुनाव में बड़े मुद्दे होंगे और वह सत्ता परिवर्तन का कारक होंगे'**

राजस्थान में दो तिहाई बहुमत के साथ भाजपा काबिज होगी। क्योंकि मुद्दे वही हैं, इस समय हो सकता है उन मुद्दों पर जनता ने मतदान ना किया हो, लेकिन अपराध, किसान कर्ज माफी, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से लेकर जो बुनियादी विकास के मुद्दे, वह आगे 2023 के चुनाव में बड़े मुद्दे होंगे और वह सत्ता परिवर्तन का कारक होंगे। राजस्थान में एक तो जनधारणा है कि हर बार सत्ता बदलती है, दूसरा एंटी इनकंबेंसी है, तीसरा हम सभी कार्यकर्ता और परिश्रम करेंगे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में 2023 में राजस्थान में प्रचंड बहुमत की भाजपा सरकार बनायेंगे।

र से राहुल गांधी से मेरा चौथा सवाल है, उनकी यात्रा है सब सत्कार भी हो रहे हैं, पर्यटन भी है, बाकी आनंद और बहार होगी, लेकिन अभी तक तीन सवालों के लिए राजस्थान की सरकार और खुद राहुल गांधी निरुत्तर हैं।

पिछले दिनों पूछे गये तीनों सवालों की जो फितरत और बानगी है वह सबने देखी है, कल जिस तरीके से हिंडौन की दशा आप सब लोगों ने देखी थी, लेकिन आज मेरा चौथा सवाल है कि राजस्थान के उन बेरोजगारों के हक में, सर्वाधिक बेरोजगारी राजस्थान में, चार वर्षों में 70 लाख युवाओं ने परीक्षा दी, एक लाख की नौकरी का आंकड़ा मुख्यमंत्री सदन में गिनाते हैं, 69 लाख के लिए कोई रोडमैप नहीं है।

उस पर कोढ़ में खाज का काम करती है रीट की चीट, इस तरीके की अनेक भर्तियों में जो अनियमितता और विसंगतियां हुई, ऐसा लगता है कि राजस्थान में नकल माफिया ने नौजवानों के सपने तोड़े हैं।

तमाम इसमें मुद्दे जुड़े हुए हैं, इसमें संविदाकर्मी भी हैं, सीएचए भी हैं, जितनी भर्तियां हैं, जो मुझे सुन रहे हैं वो सभी नौजवान भी इसमें शामिल है, कि राजस्थान के नौजवानों को जो कहा गया, जो वादा किया, उस वादे पर कांग्रेस पार्टी की सरकार और राहुल गांधी कब खरा उतरेंगे, राजस्थान के लोगों की रोजगार की मंशा कब पूरी होगी और बेरोजगार भत्ते की विसंगती कब दूर होगी।

# महेन्द्र मीणा हत्याकाण्ड में लिप्त एक महिला सहित दो और लोग गिरफ्तार

## गिरफ्तार दोनों लोगों ने हत्या के आरोपियों को फरार कराने में मदद की थी

**जयपुर**, (कासं)। राजधानी की प्रताप नगर थाना पुलिस और सीएसटी व डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए प्रताप नगर में हुए महेन्द्र मीणा हत्याकांड के मामले में आरोपियों को फरार कराने में मदद करने पर एक महिला सहित दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले में बुधवार को भी फरार दो बदमाशों को गिरफ्तार किया था।

डीसीपी डॉ. राजीव पचार ने बताया कि 1 नवंबर को प्रताप नगर इलाके में गोदावरी अपार्टमेंट में आपसी रंजिश को लेकर गैंगवार हुई थी। इस दौरान फायरिंग में एक गैंग के सरगना महेन्द्र मीणा की गोली लगने से मौत हो गई थी। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। आरोपियों को पकड़ने के लिए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अवनीश शर्मा और सुलेश चौधरी के निर्देशन में प्रताप नगर थानाधिकारी के नेतृत्व में टीम बनाई गई। पुलिस ने मामले में आरोपियों की मदद करने वाले अमरचंद देवन्दा




आरोपी अमरचंद और सुनीता

(25) निवासी देवन्दों की ढाणी महेशवास मौजमाबाद जयपुर और सुनीता मीणा (42) निवासी मेडी गांव वजीरपुर सवाई माधोपुर को राउंड अप किया गया। पूछताछ में सामने आया कि अमरचंद ने वारदात की पूरी जानकारी होने पर भी लखीमपुर खेरी उत्तरप्रदेश में विनीत मेडी, महेश नांगल और बच्चा नांगल को एक रात शरण देकर अपने यहां छुपाया।

- **आरोपी अमरचंद ने लखीमपुर खेरी उत्तरप्रदेश में विनीत मेडी, महेश नांगल और बच्चा नांगल को एक रात शरण देकर अगले दिन अपनी कार से दूसरे स्थान पर पहुंचाया था।**

फिर अगले दिन अपनी कार से दूसरे स्थान पर पहुंचाया। साथ ही पैसे की व्यवस्था की। वहीं सुनीता मीणा ने आरोपियों से बात कर अपने जेठ के लडके विवेक के साथ कपड़े पैसे और अन्य आवश्यक सामान उपलब्ध कराया। वहीं इस संबंध में महिला से पूछताछ की गई तो उसने जांच में सहयोग नहीं किया। आरोपियों ने वारदात में प्रयुक्त हथियारों को घटना के बाद विवेक के साथ घर पर भेजा था। जिन्हें छुपाने की कोशिश की गई। पुलिस के सर्च में हथियार मिलने पर वजीरपुर थाने में मामला दर्ज किया गया।

# रात 8 बजे के बाद खुली शराब की दुकानों पर होगी सख्त कार्रवाई

**जयपुर**, (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य में शराब की दुकानों के बंद होने का समय रात 8 बजे है, जिसका सख्ती से पालन करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि रात 8 बजे के बाद शराब की दुकानें खुली पाई गई तो उस इलाके के पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

गहलोत ने कहा कि बच्चों और युवाओं में ड्रग्स लेने की बढ़ती प्रवृत्ति चिंता का विषय है। इसके लिए शिक्षा विभाग के सहयोग से एक व्यापक जागरूकता अभियान आरम्भ किया जाएगा। गहलोत गुरूवार को पुलिस मुख्यालय में कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में पुलिस द्वारा अनुसंधान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आईटी और सोशल मीडिया का उपयोग करना चाहिए। गहलोत ने कहा कि राज्य में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए अभय कमाण्ड सेन्टर को और सुदृढ़ किया जा रहा है एवं 30 हजार सीसीटीवी कैमरे लगाने का कार्य जल्दी पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य के लगभग सभी पुलिस थानों में स्वागत कक्ष बनाए जा चुके हैं। प्रदेश में जयपुर और अन्य शहरों में जमीनों के क्रय-विक्रय से संबंधित धोखाधड़ी के मामलों में काफी वृद्धि हुई है, जो चिंताजनक है। इस तरह के प्रकरणों की प्रभावी रोकथाम के लिए गृह सचिव की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति बनाई जाएगी, जो दो महीने में अपनी रिपोर्ट देगी।

# प्रदेश में 5 नए करोना संक्रमित मिले गुरूवार को

**जयपुर**, (का.सं.)। प्रदेश में गुरूवार को 5 नए करोना संक्रमित मिले हैं। वहीं इस दौरान 8 मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 60 रह गए हैं। हालांकि इस बीच करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है।

प्रदेश में गुरूवार को 4 जिलों में 5 नए करोना संक्रमित मिले हैं। इससे पहले बुधवार को राज्य में 10 रोगी पाए गए थे। इधर आज राजधानी जयपुर में 2, जबकि जयपुर, हनुमानगढ़ और सिरोही में 1-1 नया संक्रमित मिला है। जयपुर में जवाहर नगर इलाके में नया संक्रमित मिला है। इस बीच राज्य में 4041 जांचे की गई है।

प्रदेश में गुरूवार को नए संक्रमितों से अधिक रिकवरी हुई है। इस दौरान 8 मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 60 हो गए हैं। इनमें 33 संक्रमितों को इलाज जयपुर में चल रहा है। प्रदेश में गुरूवार को भी करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है।

# जवाहर नगर में छात्रा से छेड़छाड़

**जयपुर** । जवाहर नगर इलाके में खाना लेने जा रही एक छात्रा से अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने ने बताया मूलतया दिल्ली निवासी 23 वर्षीया युवती इलाके में रह कर पढ़ाई कर रही है। बुधवार शाम करीब 7 बजे युवती घर के पास ही स्थित होटल पर खाना लेने जा रही थी। तभी मोनीलेक अस्पताल के पास अज्ञात बाइक सवार ने उसे पकड़ लिया और अश्लील हरकत करने लगा, चिल्लाने पर वह भाग छूटा।

# 'संविदाकर्मियों को 15 से पहले जारी होगा अनुभव प्रमाण पत्र'

**जयपुर**, (का.सं.)। नर्सिंग ऑफिसर भर्ती-2022 के 1289 पदों पर भर्ती में पिछले कई सालों से संविदा पर काम कर रहे अभ्यर्थियों को बोनस अंक के लिए अनुभव प्रमाण पत्र जारी नहीं करने के मामले में राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में अंडरटेकिंग दी है कि वह 15 दिसंबर से पहले उन्हें अनुभव प्रमाण पत्र जारी कर देंगे। राज्य सरकार की अंडरटेकिंग के बाद अदालत ने इस संबंध में दायर याचिका को निस्तारित कर दिया। जस्टिस महेन्द्र गोयल ने यह निर्देश विनोद कुमार व अन्य की याचिका पर दिए।

- **राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में अंडरटेकिंग दी है**

सुनवाई के दौरान उप लोक अभियोजक ने कहा कि वे 15 दिसंबर से पहले अभ्यर्थियों को अनुभव प्रमाण पत्र जारी कर देंगे। पिछली सुनवाई पर अदालत ने सरकारी अधिवक्ता को कहा था कि वे अनुभव प्रमाण पत्र के संबंध में राज्य सरकार से निर्देश प्राप्त कर अदालत में जानकारी पेश करें। दरअसल राज्य सरकार ने 16 नवंबर 2022 को नर्सिंग ऑफिसर की भर्ती के लिए विज्ञप्ति जारी की थी। इसमें पहले से सरकारी अस्पतालों में काम कर रहे अभ्यर्थियों को तीन साल के अनुभव के लिए अधिकतम 30 अंक देना तय किया, लेकिन राज्य सरकार ने अभ्यर्थियों को अनुभव प्रमाण पत्र जारी नहीं किए। इसे हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए कहा कि अनुभव प्रमाण पत्र के बोनस अंक नहीं मिलने पर वे नियुक्ति से वंचित रह जाएंगे। इसलिए राज्य सरकार को निर्देश दिए जाएं कि वह उन्हें अनुभव प्रमाण पत्र जारी करे।

# राहगीर से मोबाइल छीनने वाला बदमाश गिरफ्तार

## पुलिस ने आरोपी से छह मोबाइल व बाइक बरामद की

**जयपुर** (कासं)। मुरलीपुरा थाना पुलिस ने गुरूवार को राहगीरों से मोबाइल छीनने वाले बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से 6 मोबाइल और एक मोटर साइकिल बरामद की है।

डीसीपी वंदिता राणा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी नूर मोहम्मद कायमखानी निवासी जेपी कॉलोनी भट्टा बस्ती है। उन्होंने बताया कि मोबाइल स्नैचर को पकड़ने के लिए थानाधिकारी हवासिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम को गठन किया गया। टीम की उपनिरीक्षक गीता, हैड कांस्टेबल पवन काजला, प्रकाश चंद, कांस्टेबल तेजाराम और पूरणमल ने सतत निगरानी व सूचना एकत्रित कर आरोपी नूर मोहम्मद कायमखानी निवासी जेपी कॉलोनी भट्टा बस्ती को डिटेन किया। पूछताछ में आरोपी के कब्जे से 4 दिसम्बर को इलाके में राहगीर से लूटा गया एक मोबाइल व वारदात में काम ली गई बाइक बरामद की। इसके बाद पुलिस ने आरोपी से अन्य स्थानों पर छीने गए 5 मोबाइल और जब्त किए। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशे का आदी है। नशे के शौक को पूरा करने के लिए अपने साथी के साथ मिलकर राहगीरों से मोबाइल छीनने की वारदातों को अंजाम देता है। आरोपी कलर पेंट का काम करता है। पूछताछ में उसने आधा दर्जन मोबाइल छीनने की वारदात करना कबूल की है। आरोपी का पूर्व में भी भट्टा बस्ती, कोतवाली, शास्त्री नगर, मुरलीपुरा और झोटवाड़ा में मोबाइल छीनने की 5 वारदातों का सजायाबी रिकॉर्ड पाया गया है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में भी जुटी है।



मुरलीपुरा थाना पुलिस ने गुरूवार को राहगीरों से मोबाइल छीनने वाले बदमाश को गिरफ्तार किया।

# एक किलो अफीम समेत तस्कर पकड़े

**जयपुर** (कासं)। जयपुर शहर में पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान के तहत बगरू थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो अवैध मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया गया है और जिनके पास से भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ अफीम जब्त की गई है। फिलहाल आरोपी तस्करों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) वन्दिता राणा ने बताया कि ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान के तहत बगरू थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ तस्कर प्रकाश विश्नोई निवासी चितलवाना जिला जालोर और विष्णु बिश्नोई झंवर जिला जोधपुर को थाना इलाके में स्थित एनएच 48 पर देवलिया कट के पास नाकाबंदी के दौरान गिरफ्तार किया गया है। जिनके पास से 1 किलो 37 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम और वारदात में प्रयुक्त कार जब्त की गई है। गिरफ्तार आरोपित प्रकाश बिश्नोई हार्डकोर अपराधी व एच.एच है जिसके खिलाफ ढाई दर्जन से अधिक आपराधिक प्रकरण दर्ज है। फिलहाल आरोपियों से अवैध मादक पदार्थ अफीम की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ की जा रही है।